न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्याः–03/2022 दायर दिनाँक 10.01.2022

प्रार्थीगण

1. पूर्णाराम पुत्र प्रेमदास आयु 46 वर्ष जाति स्वामी निवासी बेरी कलां तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0।

बनाम

अप्रार्थीगण

1. लालूराम पुत्र श्योजी राम जाति मेघवंशी निवासी बेरी कलां
2. कमला पुत्री चेनाराम
3. दुर्गा पुत्री नवरंग लाल
4. बहादुर पुत्र चेनाराम
5. बिमला देवी पत्नि चेनाराम
6. बोदूराम पुत्र चेनाराम
7. मनीष कुमार पुत्र नवरंग लाल
8. विजय कुमार पुत्र प्रेमदास
9. शांति देवी पत्नि नवरंगलाल समस्त जाति स्वामी निवायान बेरी कलां तहसील डीडवाना जिला नागौर राज
10. नायब तहसीलदार, मौलासर
11. तहसीलदार डीडवाना।

प्रार्थना–पत्र
अन्तर्गत धारा–251 ए
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थितः–

1. श्री सुरेन्द्रपुरी वकील प्रार्थी।

–:: निर्णय ::–

दिनाँक 25.07.2022

संक्षेप में प्रार्थी की प्रार्थना इस प्रकार है कि खेत खसरा सं0 692 रकबा 0.9100 हैक्टे0, खसरा 697 रकबा 0.1600 हैक्टे0, खसरा सं0 698 रकबा 0.8900, खसरा सं0 699 रकबा 0.0100, खसरा सं0 700 रकबा 1.1200 हैक्टे0 कुल रकबा 05 रकबा 04.0900 हैक्टे0 मौजा बेरी कलां, पटवार हल्का डाबड़ा, भू–अभि0 नि0 क्षैत्र धनकोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज. में अवस्थित है जो की हमारी खातेदारी सुदा खेत है प्रार्थीगण के उक्त खेत 698 में वर्तमान में खेत तक पहुंचने हेतु कोई कटाणी रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नही है। जिस हेतु नये कट्टाणी रास्ते के लिए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251(ए) उपधारा (1) के अन्तर्गत रास्ते की अनुमती लेना चाहते है।

प्रकरण में तहसीलदार, डीडवाना से रिपोर्ट ली गई। प्रार्थी के खेत में आवागमन हेतु नजरी नक्शे में दर्शित मार्क क से ख सबसे नजदीक रास्ता है।

तहसीलदार डीडवाना की रिपोर्ट अनुसार अप्रार्थीगण के खेत खसरा सं0 695 पर प्रस्तावित रास्ता को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना न्यायोचित है। अतः प्रार्थी का आवेदन स्वीकार किया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 13:58:25 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner

—:: आदेश ::—

प्रार्थी का प्रार्थना—पत्र स्वीकार कर इनकी खातेदारी के खेत खसरा सं0 692 रकबा 0.9100 हैक्टे0, खसरा 697 रकबा 0.1600 हैक्टे0, खसरा सं0 698 रकबा 0.8900, खसरा सं0 699 रकबा 0.0100, खसरा सं0 700 रकबा 1.1200 हैक्टे0 कुल रकबा 05 रकबा 04.0900 हैक्टे0 मौजा बेरी कलां, पटवार हल्का डाबड़ा, भू—अभि0 नि0 क्षैत्र धनकोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज. में तहसीलदार डीडवाना की रिपोर्ट अनुसार को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर रास्ता की भूमि घोषित की जाती है। नजरी नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा।

प्रार्थी का प्रार्थना—पत्र स्वीकार कर इनकी खातेदारी के खेत खसरा नम्बर 698 में आवागमन हेतु तहसीलदार डीडवाना की मौका रिपोर्ट पत्रांकः 1324 दिनाँक 11.07.2022 में दर्शित भूमि अप्रार्थीगण के खेत खसरा सं0 695 पर प्रस्तावित रास्ता वाके सरहद बेरी कलां में से रास्ता की भूमि घोषित की जाती है। तहसीलदार डीडवाना राजस्व रेकर्ड में उक्तानुसार अमल दरामद करने से पूर्व रास्ता में गयी भूमि की कीमत वर्तमान डी0एल0सी0 दर के हिसाब से तहसीलदार डीडवाना की रिपोर्ट अनुसार 15258 रू. बनता है जो प्रभावित खातेदारान् को भूगतान करावे। तहसीलदार डीडवाना की मौका रिपोर्ट पत्रांकः 1324 दिनांक 11.07.2022 निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलेक्टर
डीडवाना

निर्णय आज दिनांक **25.07.2022** को सरे इजलास में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 13:58:25 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner